दिनांक–05.09.2024 समय–7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से करेंगी सम्मानित।
- प्रदेश के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आज वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन।
- प्रदेश में अगले 4 दिन कहीं भी भारी बारिश की सम्भावना नहीं, हल्की बारिश का दौर रहेगा जारी।

**और**

- पेरिस पैरालंपिक में भारत ने दो स्वर्ण सहित चार पदक और जीते। अब 24 पदकों के साथ 13 वें स्थान पर पहुंचा।

**अब समाचार विस्तार से:–**

## राष्ट्रीय शिक्षक दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। गौरतलब है कि हर वर्ष 5 सितंबर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 50 शिक्षकों का चयन किया है। प्रत्येक पुरस्कार में योग्यता प्रमाण पत्र, 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और एक रजत पदक दिया जाता है।

वहीं, भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आज होने वाला राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह अपरिहार्य कारण से स्थगित किया गया है। यह जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा दी गई है।

## प्रधानमंत्री सिंगापुर यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से बातचीत करेंगे। दोनों नेता भारत–सिंगापुर रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करेंगे। ब्रुनेई की अपनी सफल यात्रा के समापन के बाद श्री मोदी कल लायन सिटी सिंगापुर पहुंचे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि भारत, सिंगापुर के साथ अपने मैत्री संबंधों को महत्व देता है।

## वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत प्रदेश के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आज वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। आयुष विभाग अंतर्गत संचालित प्रदेश के समस्त 800 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक यह शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में संबंधित क्षेत्र के आयुष चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देगें। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, योग प्रशिक्षक, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता एवं आयुष महावविद्यालयों के छात्र छात्राएं सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। शिविर में रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन के लिए प्रयोगशाला परीक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी। आवश्यक औषधियों की सूची के अनुसार दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी।

## स्कूल स्वच्छता पखवाड़ा

प्रदेश में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सफाई के महत्व को समझाने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। स्कूलों में 15 सितम्बर तक चलने वाले पखवाड़े में सफाई व्यवस्था पर केन्द्रित गतिविधियाँ बच्चों के सहयोग से चलाई जायेंगी। इस दौरान पौध–रोपण, सुंदर शौचालयों को पुरस्कृत करना, साबुन से हाथ धुलाई दिवस, व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस, शाला स्वच्छता प्रदर्शनी, बाल संसद और ईको क्लब जैसे विभिन्न आयोजन हो रहे हैं. पखवाड़े के पहले दो दिनों में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सफाई व्यवस्था पर केन्द्रित गतिविधियाँ की गईं।

**पोषण माह**

प्रदेश में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह मनाया जा रहा है। खण्डवा जिले में आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मंगल दिवस का आयोजन किया गया। पन्ना जिले में कल ग्राम पंचायत उड़की में पौष्टिक आहार व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मंदसौर के राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पोषण सेमिनार एवं चर्चा का आयोजन किया गया।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण**

प्रदेश में इन दिनों मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अभियान चल रहा है। जिन युवाओं की उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही जो युवा 1 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे भी मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से अपना आवेदन कर सकते हैं। नये मतदाता का वोटर कार्ड स्पीड पोस्ट के माध्यम से आसानी से घर पहुंच जाएगा। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार की सुविधा है।

**पेंशन सुविधा**

कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत पेंशन पाने वाले लोग अब अगले साल जनवरी से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक में अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। इससे 78 लाख से अधिक पेंशन भोगियों को लाभ होगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने इसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन –ईपीएफओ की बडी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी बैंक शाखा से पेंशन के वितरण से पेंशनभोगियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा।

**डॉक्टर सुरक्षा**

सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे 10 सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट भेजें। स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखा है। उनसे कहा गया है कि वह प्रत्येक क्षेत्र और जिले में अधिक भीड़ वाले अस्पतालों की पहचान करें और वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्यरत चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**बारिश/मौसम**

प्रदेश में अगले 4 दिन कहीं भी भारी बारिश की सम्भावना नहीं है। मौजूदा निम्न दाब क्षेत्र के कमजोर होने और मानसून ट्रफ के आगे निकलने से यह स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने आज छतरपुर, पन्ना समेत 6 जिलों में तेज बारिश की सम्भावना व्यक्त की है। जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश का दौर बना रह सकता है। विभाग के अनुसार प्रदेश में अभी तक औसत बारिश का कोटा पूरा हो चूका है। श्योपुर में सबसे ज्यादा 80 फीसदी बारिश हुई है। वहीँ, सामान्य से 30 प्रतिशत कम बारिश के साथ रीवा सबसे पीछे है।

**पैरालंपिक**

पेरिस पैरालंपिक में कल का दिन भारत के लिए यादगार रहा। भारत ने कल दो स्वर्ण सहित चार पदक जीते। पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले तीरंदाज बनकर हरविंदर सिंह ने इतिहास रचा। इसके बाद, पुरुषों के क्लब थ्रो एफ–51 के फाइनल में धर्मवीर ने 34 दशमलव नौ दो मीटर की दूरी तक थ्रो करके एशियाई रिकार्ड तोडने के साथ स्वर्ण पदक जीता। प्रणव सूरमा ने इसी स्पर्धा में रजत पदक जीता। अब भारत के पदकों की कुल संख्या पांच स्वर्ण, नौ रजत, दस कांस्य सहित 24 हो गई है। भारत पेरिस पैरालंपिक में 13 वें स्थान पर है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- इंदौर नगर निगम सहित अन्य नगरीय निकायों में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के परिपालन में बजट में वित्तीय प्रावधान किया जायेगा।
- झाबुआ जिले ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में खाद्यान्न प्राप्त करने वाले पात्र परिवारो में से 97 दशमलव 1–8 प्रतिशत के मोबाईल सीडिंग का काम पूरा होने पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।
- गुना में नगरीय निकाय एवं त्रि–स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण कल आयोजित किया गया।

- पन्ना जिले में 14 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पी.सी. आर्य ने कल बैठक ली।
- धार में जिला शिक्षक सम्मान समारोह समिति द्वारा आज जनजातीय कार्य विभाग और शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त हुए कुल 181 शिक्षकों, व्याख्याताओ और प्राचार्य का सम्मान समारोह आयोजित किया जावेगा।
- सिंगरौली जिले के प्रवास पर आये रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं आईजी रीवा जोन महेन्द सिंह सिकरवार द्वारा संयुक्त रूप से जिले की सुरंक्षा व्यवस्था एवं अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर रोक के लिए राजस्व एवं पुलिस अधिकारियो की संयुक्त बैठक ली गई।
- नर्मदापुरम जिले में शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- छतरपुर जिले में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता अभियान एवं उल्लास योजना के अंतर्गत खजुराहो नेशनल हाईवे पर स्थित स्कूल में कल निरक्षरता को मुक्त कराने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- कटनी में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन आज नगरपालिक निगम के एम.आई. सी. हाल में बैठक करेंगे ।
- मुरैना में नवागत नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकड़े द्वारा योजना शाखा टाउन हॉल का औचक निरीक्षण किया गया।
- बैतूल में बाइक चुराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 बाइक सहित बाइकों के पुर्जे भी जब्त किये गए है।
- बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत बच्चों के लिये वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत 'नेशनल स्कॉलरशिपा पोर्टल' पर प्री–मेट्रिक श्रेणी में शिक्षण के लिये आवेदन तिथि बढ़ाकर 30 सितम्बर कर दी गई है। जबकि पोस्ट मेट्रिक के लिये आवेदन करने की अंतिम 31 अक्टूबर है।
- मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के अंतर्गत आने वाले ऐसे बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा अपने बकाया बिजली बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके नाम, पते और बकाया राशि की जानकारी को सार्वजनिक कर दिया गया है।
- लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति के आधार पर जारी ग्रेडिंग में ऊर्जा विभाग प्रथम स्थान पर है।

....................................